Regarding need to provide an alternative route in the vicinity of level crossing at Faridpur, Bareilly for pedestrian and vehicular traffic-laid

श्री नीरज मौर्य (आंवला) **:** मेरे निर्वाचन क्षेत्र आंवला की नगरपालिका परिषद फरीदपुर, जनपद बरेली, उत्तर प्रदेश में रेलवे लाइन (क्रासिंग) पर ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य चलने के कारण पूरा रास्ता बंद है । इस बंद रास्ते के स्थान पर कोई वैकल्पिक व्यवस्था ना देने के कारण आमजन व स्कूल बच्चों को रोज़ जान जोखिम में डालकर निकलना पड़ रहा है, जो अत्यंत गंभीर है । कभी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है । अत: मैं सरकार से मांग करता हूँ कि तत्काल कोई वैकल्पिक आवागमन पैदल चलने हेतु शुरू किया जाए ।